BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

SHRI. KRISHNA CHANDRA
SPORTS DIRECTOR
EMAIL:kcchaurasiya123@gmail.com
MOB. NO.: 9454308765

PROF. SANJAI MISRA
PRINCIPAL
EMAIL:bsnvpgc1954@gmail.com
MOB. NO.: 0522-2635513

DATE: 11/02/2025

बीएसएनवी पीजी कॉलेज (केकेवी) लखनऊ की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन

बीएसएनवी पीजी कॉलेज (केकेवी) लखनऊ की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का समापन मंगलवार को नॉर्दर्न रेलवे स्टेडियम चारबाग में हुआ। दिन के प्रारंभ में छात्रों एवं छात्राओं के लिए विभिन्न दूरी स्तरों की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।सभी प्रतियोगिताओं में कोमल मौर्य एवं श्रीओम सिंह ने ओवरआल विजेताओं की सूची में अपना नाम दर्ज कराया। इस दौरान शिक्षकों के लिए भी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें महिला एवं पुरुष वर्ग की अलग-अलग प्रतियोगिताओं में विभिन्न शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। समापन सत्र के दौरान शिक्षकों की टीम ए और टीम बी के बीच मैत्री क्रिकेट मैच भी खेला गया जो कि अत्यंत रोमांचक मुकाबला रहा। यह मैच अंतिम बाल तक चला और टाई रहा।

समापन सत्र में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर संजय मिश्रा ने कहा की इस महत्वपूर्ण आयोजन के कुशलता पूर्वक संपन्न होने के लिए संपूर्ण महाविद्यालय परिवार तथा खेल निदेशक के सी चौरसिया जी विशेष बधाई के पात्र हैं। इस दौरान प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है इसलिए सभी विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ आउटडोर गेम्स को भी अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा तभी हम एक स्वस्थ व्यक्तित्व के रूप में राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे पाएंगे। इस दौरान महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों के साथ-साथ भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

B.S.N.V. P.G. College
Lucknow
54th Annual Athletic Meet
2024-25
10-11 FEBRUARY
2025
10-11 Feb.
2025

B.S.N.V. P.G. College
Lucknow
54th
Annual Athletic Meet
2024-25
10-11 FEBRUARY
2025
10-11 Feb.
2025
54th Annual Athletic Meet

BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

कृष्णचंद्र
(**खेल निदेशक**)
शारीरिक शिक्षा विभाग
बी एस एन वी पीजी कॉलेज
चारबाग लखनऊ।